SUBJECT- HINDI (2L)

CLASS-VII

Periodic Assessment –II Syllabus –

साहित्य– हम पंछी उन्मुक्त गगन के, शहीदों के पत्र, हार की जीत , क्यों, नीलू , मनभावन सावन

सदाबहार कहानियाँ – लालच का फंदा , राजा और प्रजा

व्याकरण– अपठित बोध ( गद्यांश एवं पद्यांश) , पर्यायवाची (1-20) , वाक्यांश के लिए एक शब्द (1-18), विलोम (अपना- निंदा ), ' र' के विभिन्न रूप ,वर्ण विच्छेद , अनुस्वार, अनुनासिक, नुक्ता, उपसर्ग-प्रत्यय, व्यंजन संधि , मुहावरे (1-25), लोकोक्तियाँ (1-14)

रचनात्मक लेखन- अनुच्छेद लेखन, विज्ञापन लेखन , अनौपचारिक पत्र लेखन, चित्र वर्णन, संवाद लेखन,

## हम पंछी उन्मुक्त गगन के

कवि - शिवमंगल सिंह ' सुमन'

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) पक्षी किससे प्रार्थना कर रहा है ?

ख) पक्षी को क्या खाना पसंद है ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

क) पक्षी मनुष्य से क्या चाहता है ?

ख) पिंजरे में पक्षी की क्या स्थिति है ?

ग) पंछी के क्या अरमान थे ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) ऐसे थे अरमान कि उड़ते
नीले नभ की सीमा पाने,
लाल किरण- सी चोंच खोल
चुगते तारक- अनार के दाने ।

ख) हम पंछी उन्मुक्त गगन के
पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,
कनक - तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जाएँगे।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता में पंछी के माध्यम से कवि हमें क्या संदेश देना चाहते हैं ?

-------------------------------------------------------------------



https://www.evidyarthi.in

## शहीदों के पत्र

लेखिका - डॉ. मधु पंत

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) भारत माता की संतानें कैसी हैं ?

ख) रामप्रसाद बिस्मिल कहाँ की जेल में कैद थे ?

ग) लाला लाजपत राय कौन थे ?

घ) रामप्रसाद बिस्मिल ने पत्र कब लिखा था ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

क) लाला लाजपतराय ने देश के प्रति अपने प्रेम को किस प्रकार व्यक्त किया है ?

ख) लाला लाजपतराय के हृदय का सच क्या है ?

ग) लाला लाजपतराय देशवासियों से क्यों निराश हैं ? वह उन्हें क्यों नही छोड़ पाते हैं ?

घ) रामप्रसाद बिस्मिल ने अपनी माँ के बारे में क्या कहा है ?

ङ) रामप्रसाद बिस्मिल जन्मदात्री से क्या वर माँग रहे हैं ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) "मैं तो रोम-रोम से तुम्हारी पूजा करता हूँ। यह मेरे हृदय का सत्य है ।

ख) " वे असंगठित , देशप्रेमहीन और अंधविश्वासी भले ही हों, पर मुझे उन सबसे प्यार है ।

ग) " इसी पवित्र भारतभूमि पर एक बार फिर जन्म लूँ ।

घ) "मुझे प्रत्येक जन्म में परमात्मा ऐसी ही माता दें ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) ' देश के प्रति आप अपने प्रेम और देशभक्ति को कैसे व्यक्त कर सकते हैं ?

ख) देश के प्रति आपके क्या कर्तव्य हैं ? एक देशभक्त में क्या-क्या गुण होने चाहिए ?

---

## हार की जीत

लेखक- सुदर्शन

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) खड्गसिंह कौन था ?

ख) बाबा भारती मंदिर में क्या करते थे ?

ग) बाबा भारती को क्या भ्रांति हो गई थी ?

घ) खड्गसिंह के हृदय पर साँप क्यों लोट गया ?



https://www.evidyarthi.in

ङ) खड्गसिंह ने अपाहिज के रूप में अपना क्या परिचय दिया ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

क) खड्गसिंह ने बाबा भारती को क्या चेतावनी दी? चेतावनी का बाबा भारती पर क्या प्रभाव पड़ा ?

ख) खड्गसिंह ने बाबा भारती को देवता क्यों कहा ?

ग) सुलतान घोड़े की क्या विशेषता थी ?

घ) पुनः सुलतान को पाकर बाबा भारती की क्या प्रतिक्रिया थी ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) "अब कोई दीन - दुखियों की सहायता से मुँह न मोड़ेगा।

ख) "बाबा , मैं दुखिया हूँ। मुझ पर दया करो ।

ग) " मैं सुलतान के बिना नहीं रह सकूँगा ।

घ) " इस समय उसकी आँखों में नेकी के आँसू थे ।

ङ) " कैसे ऊँचे विचार हैं, कैसा पवित्र भाव है ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80- शब्दों में लिखिए –

क) "खड्गसिंह के हृदय - परिवर्तन की घटना को अपने शब्दों में लिखिए ।

---

क्यों

कवयित्री - डॉ. मधु पंत

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) कवयित्री क्या आह्वान कर रही हैं ?

ख) पर्वत क्या संदेश देता है ?

ग) सूरज के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

क) प्रकृति हमें क्या - क्या प्रेरणा दे रही है ?

ख) हम चुनौती का सामना किस प्रकार कर सकते हैं ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) क्यों विरोधों से न डर कर, करें अंगीकार ?
पर्वतों का क्यों न आमंत्रण करें स्वीकार ?



https://www.evidyarthi.in

ख) खूब ऊँचा उड़ विहग सा,
कर सकें अनुमान ।
है हमारी शक्ति कितनी,
कर उसी का भान ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) ' प्रकृति के बदलते मौसम और मनुष्य के जीवन में क्या समानता है ?

ख) आज प्रकृति के सामने क्या-क्या समस्याएँ हैं ? प्रकृति को सुंदर बनाने में आप क्या योगदान दे सकते हैं ?

---

## नीलू

लेखिका - महादेवी वर्मा

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य मे लिखिए –

क) नीलू की माँ का क्या नाम था ?

ख) नीलू को कितने वर्ष का जीवन मिला था ?

ग) नीलू घर में कहाँ रहता था ?

घ) नीलू कक्ष का निरीक्षण किस प्रकार करता था ?

ङ) नीलू कहाँ बैठकर पहरेदारी का कार्य करता था ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

क) लूसी की मृत्यु कैसे हुई ?

ख) लूसी में कौन सी राजसी विशेषताएँ थी ?

ग) गौरेया - शावक के साथ नीलू का व्यवहार कैसा था ?

घ) नीलू के स्वभाव की विशेषताएँ लिखिए ?

ङ) लेखिका के मोटर दुर्घतना में घायल होने पर नीलू की क्या प्रतिक्रिया थी ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) "नीलू का ध्वनि - ज्ञान इतना विस्तृत और गहरा था कि उससे कुछ कहना भाषा जानने वाले मनुष्य से बात करने के समान था ।

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) नीलू के किन व्यवहारों से पता चलता है कि उसमें माता- पिता दोनों के गुण थे।

ख) जानवरों के प्रति हमारा क्या कर्तव्य होना चाहिए? जानवरों का हमारे जीवन में क्या महत्व है?

---



https://www.evidyarthi.in

### मनभावन सावन

कवि - सुमित्रानंदन पंत

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) मेघों के बरसने पर कौन झूमने लगते हैं ?

ख) पक्षियों के समूह क्या गाने लगते हैं ?

ग) कविता में किन-किन पक्षियों की चर्चा की गई है ?

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

क) वर्षा होने पर वृक्षों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

ख) कवि सावन को फिर से आने के लिए क्यों बोल रहे हैं ?

ग) कविता में हरियाली के लिये ' हँसमुख ' विशेषण का प्रयोग क्यों हुआ है ?

3) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द)–

क) छम-छम - छम गिरती बूँदें तरुओं से छन के,
चम-चम बिजली चमक रही रे उर में घन के,

ख) पंखों- से रे , फैले , फैले ताड़ों के दल,
लंबी - लंबी उँगलियाँ हैं , चौड़े करतल,

4) निम्नलिखित विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए –

क) 'आपको कौन सी ऋतु पसंद है और क्यों ? अपने शब्दों में उत्तर लिखें ।

---

## सदाबहार कहानियाँ

पाठ - 1

### लालच का फंदा

1)व्यक्ति लालच के फंदे में कब फँस जाता है ? इस फंदे से बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

2)नाई को सात घड़े कैसे मिले ? सातवें घड़े को भरने के लिये नाई ने क्या- क्या किया ?

3)सातवें घड़े के बारे में राजा ने नाई को क्या कहा ? राजा की बात का नाई पर क्या असर हुआ ?

---

पाठ - 2

### राजा और प्रजा

1) गाँव के मुखिया क्यों परेशान थे ? राजा से मिलने के लिए उन्होंने क्या-क्या किया ?

2) घुड़सवार ने अपनी प्यास कैसे बुझाई ?



https://www.evidyarthi.in

3) राजा ने गाँववालों की मदद किस प्रकार की ?

4) ' राजा और प्रजा' कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

5) ' तूने मुझे परास्त कर दिया। - राजा ने ऐसा क्यों कहा ?

---

व्याकरण ----

रचनात्मक लेखन---

1. अनुच्छेद लेखन ( शब्द सीमा 80-100)–

1. सहशिक्षा , 2.पर्यावरण 3. मेरे सपनों का भारत 4. अक्ल बड़ी या भैंस 5. राष्ट्रीय त्यौहार।

2. अनौपचारिक पत्र लेखन - शब्द सीमा ( 70-80) –

क) अपने छोटे भाई को मोबाईल के दुरुपयोग को बताते हुए पत्र लिखिए ।

ख) अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।

ग) अपने छोटे भाई को पुस्तकालय के महत्व को बताते हुए पत्र लिखिए ।

घ) अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए पिताजी को पत्र लिखिए ।

ङ) परीक्षा में असफल होने पर अपने मित्र को सांत्वना पत्र लिखिए ।

3. संवाद लेखन ( शब्द सीमा - 50)—

क) परीक्षा की तैयारी के संबंध में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

ख) अपने पसंदीदा खिलाड़ी के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

ग) सब्जीवाले और गृहिणी के बीच बातचीत ।

घ) फास्ट फूड से परेशान दो मित्रों की बातचीत ।

ङ) अपने पसंदीदा खेल को लेकर दो मित्रों की बातचीत। ।

4. विज्ञापन लेखन (शब्द सीमा - 25)

क) स्कूल बैग से संबंधित एक विज्ञापन ।

ख) हेलमेट से संबंधित एक विज्ञापन ।

ग) हैंडवाश से संबंधित एक विज्ञापन ।

घ) लैपटॉप का विज्ञापन ।

ङ) कार का विज्ञापन।



https://www.evidyarthi.in

5) चित्र वर्णन

क)




ख)



ग)



घ)



-------------------0-------------------



https://www.evidyarthi.in